कोड-002

# वार्षिक परीक्षा 2017-18

कक्षा- ग्यारहवीं | विषय - भूगोल
समय - 3.00 घंटे | पूर्णांक - 75

निर्देश :- सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य ।
प्रश्न क्र. 1 में वस्तुनिष्ठ प्रश्न के तीन खण्ड है, प्रत्येक पर 1 अंक निर्धारित है।
प्रश्न क्र. 2 से 7 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 2 अंक निर्धारित है ।
प्रश्न क्र. 8 से 14 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 3 अंक निर्धारित है ।
प्रश्न क्र. 15 से 17 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 4 अंक निर्धारित है ।
प्रश्न क्र. 18 से 20 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 5 अंक निर्धारित है ।

---

प्रश्न 1. (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

(1) भौतिक एवं सांस्कृतिक वातावरण के संबंधों का अध्ययन किया जाता है ।
(अ) इतिहास में (ब) भूगर्भ विज्ञान में
(स) समाज शास्त्र में (द) भूगोल में

(2) किस कल्प को हिम युग के नाम से जाना जाता है ।
(अ) प्लीस्टोसीन कल्प (ब) डिवोनियन कल्प
(स) क्रेम्ब्रियन कल्प (द) आदि नूतन कल्प

(3) पृथ्वी का औसत घनत्व है ।
(अ) 5.0 (ब) 5.2
(स) 5.7 (द) 5.5

(4) वायुमण्डल की निचली परत को कहते हैं ।
(अ) क्षोभमण्डल (ब) क्षोभ सीमा
(स) समताप मण्डल (द) आयन मण्डल

(5) सबसे बड़ा महासागर है ।
(अ) अरब सागर (ब) हिन्द महासागर
(स) प्रशांत महासागर (द) आर्कटिक महासागर

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए ।

(1) उत्पादक जीव ----------- घटक द्वारा भोजन तैयार करते हैं ।
(2) ----------- रेखा भारत के मध्य से होकर गुजरता है ।
(3) नवीनतम जलोढ मिट्टी को ----------- नाम से जाना जाता है ।
(4) चित्रकोट जलप्रपात ----------- नदी पर निर्मित है ।
(5) छत्तीसगढ का प्रयाग ----------- को कहा जाता है ।

(स) सही जोड़ी बनाइए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | प्राचीनतम पर्वत | - | अरब सागर |
| (2) | लक्ष्यद्वीप | - | रतनपुर |
| (3) | 21 मार्च सूर्य की स्थिति | - | अरावली पर्वत |
| (4) | छत्तीसगढ का नियाग्रा | - | भूमध्य रेखा |
| (5) | महामाया मंदिर | - | चित्रकोट जल प्रपात |

प्रश्न 2. भूगोल के दो प्रमुख शाखाओं के नाम लिखिए।

प्रश्न 3 पैंजिया किसे कहते हैं ?

प्रश्न 4. पठार के दो महत्व लिखिए।

प्रश्न 5. वलन से क्या तात्पर्य है ?

प्रश्न 6. 'बिहार का शोक' किस नदी को कहा जाता है ? और क्यों ?

प्रश्न 7. संघनन से क्या तात्पर्य है ?

प्रश्न 8. भूगोल के अध्ययन पद्धति को बताइए।

प्रश्न 9. महासागरीय तापमान को प्रभावित करने वाले तीन कारकों को लिखिए।

प्रश्न 10. मानसूनी वर्षा की तीन विशेषताएं लिखिए।

प्रश्न 11. प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल सिरपुर के प्रमुख पर्यटन स्थलों को संक्षिप्त में बताइए।

प्रश्न 12. डोंगरगढ की बम्लेश्वरी माता से संबंधित कथा को संक्षिप्त में लिखिए।

प्रश्न 13. क्षोभमण्डल को परिवर्तन मंडल क्यों कहा जाता है ?

प्रश्न 14. उत्तर भारत एवं दक्षिण भारत की नदियों में तीन अंतर स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 15. पृथ्वी की आंतरिक संरचना का सचित्र वर्णन कीजिए।

अथवा

आग्नेय एवं अवसादी चट्टान की विशेषताएं लिखिए।

प्रश्न 16. नदी अपरदन से निर्मित किन्हीं दो स्थलाकृतियों का सचित्र वर्णन कीजिए।

अथवा

पवन अपरदन से निर्मित किन्हीं दो स्थलाकृतियों का सचित्र वर्णन कीजिए।

प्रश्न 17. वायु प्रदूषण को रोकने के कोई चार उपाय लिखिए।

अथवा

जल ही जीवन है ? इसे समझाइये।

प्रश्न 18. भारत के सीमाकार मानचित्र में निम्नांकित को प्रदर्शित कीजिए।

(1) नर्मदा नदी (2) नीलगिरि पर्वत (3) खंभात की खाड़ी

(4) छोटा नागपुर पठार (5) इंदिरा प्वाइंट

अथवा

छत्तीसगढ के मानचित्र में निम्नांकित को प्रदर्शित कीजिए ।

(1) रायपुर (2) तांदुला जलाशय (3) इन्द्रावती राष्ट्रीय उद्यान

(4) भोरमदेव (5) महानदी

प्रश्न 19. महासागरीय नितल की संरचना का सचित्र वर्णन कीजिए ।

अथवा

मानव जीवन पर महासागरों के प्रभाव को समझाइये ।

प्रश्न 20. भारत में पाई जाने वाले मिट्टियों का वर्गीकरण बताते हुए किन्हीं तीन की विशेषताएँ लिखिए ।

अथवा

"वन राष्ट्र की संपत्ति है" इस कथन की पुष्टि कीजिए ।

---00--